तापमान

अधिकतम 24.2 डिग्री

न्यूनतम 12.2 डिग्री

हरिभूमि

# जशपुर-रायगढ़ भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 27 फरवरी 2026

पत्थलगांव | कुनकुरी | बगीचा | फरसाबहार | कांसाबेल | दुलदुला | मनोरा



4 प्राथमिक शाला बधिमा में एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम




## खबर संक्षेप

### प्रभावित परिजन हेतु 8 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के दो मामले में प्रभावित परिजन को आरबीसी 6-4 के तहत 8 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। मनोरा तहसील अंतर्गत ग्राम सैला निवासी स्व. फुलसाय राम का नहर के पानी में डुबने से 20 फरवरी 2025 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी देवकी बाई हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। इसी प्रकार पत्थलगांव तहसील अंतर्गत ग्राम तिरसोंठ निवासी स्व. स्नेहा नाग का सांप के काटने से 27 जुलाई 2025 को मृत्यु हो गई। मृतिका के निकटतम वारिस उनके पिता अंजय लाल नाग हेतु 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### भारतीय सेना में भर्ती के लिए आवेदन जारी

**जशपुरनगर।** सेना भर्ती कार्यालय, रायपुर द्वारा भारतीय सेना में विभिन्न पदों पर भर्ती हेतु अधिसूचना को जारी की जा चुकी है। यह अधिसूचना भारतीय सेना की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। सेना में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया 13 फरवरी प्रारंभ हो चुकी है, जो 01 अप्रैल 2026 तक खुली रहेगी। इच्छुक एवं पात्र अभ्यर्थी निर्धारित समयावधि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। जारी अधिसूचना के अनुसार अग्निवीर पुरुष (जनरल ड्यूटी, तकनीकी, लिपिक व स्टोर कीपर, ट्रेडमैन दसवीं पास, ट्रेडमैन आठवीं पास), अग्निवीर महिला (सेना पुलिस) तथा स्थायी कैडर के अंतर्गत नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर भर्ती की जाएगी। भर्ती प्रक्रिया के अंतर्गत ऑनलाइन कॉमन एंट्रेंस एग्जाम 01 जून से 10 जून 2026 के मध्य आयोजित किए जाने की संभावना है। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे परीक्षा से संबंधित दिशा-निर्देश एवं पात्रता शर्तों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें।

### केंद्रों में लगा ताला, नौनिहाल घरों में कैद

तीन सूत्रीय मांगों को लेकर सड़क पर उतरीं

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं ने खोला मोर्चा





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

संयुक्त मंच के आह्वान पर तीन सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ के बैनर तले भारी संख्या में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताएं सहायिकाएं दो दिवसीय हड़ताल पर सड़क पर उतर गई हैं, इस दौरान इनके द्वारा धरना प्रदर्शन करते हुवे जशपुर के रणजीता स्टेडियम स्थित हड़ताल चौक पर जमकर नारेबाजी कर अपनी मांग रखी गई।

गौरतलब है कि दो दिवसीय हड़ताल के दौरान संयुक्त मंच के आह्वान 26 फरवरी को छत्तीसगढ़ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका संघ की कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने हड़ताल को सफल बनाने में पूरी ताकत झोक दी है। इस दौरान संघ की जिलाध्यक्ष कविता यादव ने केंद्र एवं राज्य सरकार को आड़े हाथ लेते हुवे अनदेखी का गंभीर आरोप लगाया, उन्होंने कहा कि उन्हें डबल इंजन की सरकार से आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास था कि राज्य सरकार के तीसरे बजट में उनके लिए कुछ घोषणा की जाएगी, परन्तु इस बजट में भी उन पर कोई विचार नहीं किया गया जिससे प्रदेश की एक लाख आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहायिकाओं में निराशा है, सोई हुई सरकार को जगाने के लिए तीन सूत्रीय मांग को लेकर धरना प्रदर्शन समूचे राज्य में किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि 8 मार्च तक मांगों की पूर्ति नहीं होने की स्थिति में संयुक्त मंच द्वारा 9 मार्च को राजधानी रायपुर पहुंचकर विधानसभा का घेराव किया जाएगा।

## जिले की समस्त तहसीलों में ऑनलाइन डायवर्सन ठप

### अधिसूचना के बावजूद एसडीएम कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर लोग



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा भूमि उपयोग परिवर्तन (डायवर्सन) की प्रक्रिया को पूरी तरह ऑनलाइन करने की अधिसूचना जारी किए जाने के बावजूद जशपुर तहसील सहित जशपुर जिले की समस्त तहसीलों में यह व्यवस्था अब तक ज़मीनी स्तर पर लागू नहीं हो सकी है। स्थिति यह है कि आवासीय, व्यवसायिक और औद्योगिक डायवर्सन कराने आए आवेदक आज भी एसडीएम कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

सरकार की मंशा थी कि डायवर्सन की प्रक्रिया सरल, पारदर्शी और समयबद्ध हो, लेकिन जिले भर की तहसीलों में इसका उलटा असर देखने को मिल रहा है। आवेदकों का कहना है कि वे कई बार आवेदन के लिए संबंधित एसडीएम कार्यालय पहुँच चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें यह कहकर लौटा दिया जाता है कि "ऑनलाइन पोर्टल अभी चालू नहीं हुआ है, इसमें और समय लगेगा।"

**अधिसूचना जारी, पर अमल शून्य**

राज्य शासन के राजस्व विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, भूमि डायवर्सन की प्रक्रिया 13 दिसंबर 2025 से ऑनलाइन मानी गई है। अधिसूचना में यह भी स्पष्ट है कि आवेदन ऑनलाइन होने के बाद 15 दिनों के भीतर सक्षम अधिकारी को निर्णय देना अनिवार्य है, अन्यथा स्वतः स्वीकृति (ऑटो अप्रूवल) का प्रावधान लागू होगा। इसके बावजूद जशपुर जिले की किसी भी तहसील में न तो पोर्टल चालू किया गया है और न ही वैकल्पिक व्यवस्था को लेकर कोई स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। अधिकारी–कर्मचारी यह कहकर पल्ला झाड़ रहे हैं कि तकनीकी कारणों से पोर्टल अभी उपलब्ध नहीं है।

**आम जनता परेशान**

डायवर्सन की प्रक्रिया लंबित रहने से पूरे जशपुर जिले में आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मकान निर्माण की अनुमति अटकी हुई है, छोटे व्यवसाय और दुकानों का संचालन शुरू नहीं हो पा रहा, औद्योगिक निवेशक फाइलें लेकर कार्यालयों के चक्कर काट रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सरकार एक ओर डिजिटल गवर्नेंस की बात कर रही है, वहीं दूसरी ओर जमीनी हकीकत में पुरानी ऑफलाइन व्यवस्था भी निष्क्रिय होती जा रही है। जिले की समस्त तहसीलों के नागरिकों ने ऑनलाइन डायवर्सन पोर्टल तत्काल प्रभाव से चालू करने,स्पष्ट और लिखित दिशा-निर्देश जारी करने, तथा लंबित आवेदनों का समयबद्ध निराकरण करने की मांग की है। अब देखना यह होगा कि छत्तीसगढ़ सरकार, जिला प्रशासन और राजस्व विभाग इस गंभीर समस्या पर कब तक ठोस कदम उठाते हैं, या फिर जशपुर जिले की जनता यूं ही एसडीएम कार्यालयों के चक्कर काटने को मजबूर बनी रहेगी।

## लोयोला कॉलेज में विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम कल



**जशपुरनगर।** भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के निर्देशन में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद कार्यक्रम–2026 का आयोजन जिले में किया जा रहा है। यह कार्यक्रम 28 फरवरी 2026, शुक्रवार को प्रातः 11 बजे से लोयोला महाविद्यालय के ऑडिटोरियम में संपन्न होगा। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं, संसद की कार्यप्रणाली तथा संवैधानिक मूल्यों की व्यावहारिक जानकारी देना है। इसके तहत कार्यशाला के साथ युवा संसद का मंचन भी किया जाएगा। कार्यक्रम में वही युवा भाग ले सकेंगे जिन्होंने माय भारत पोर्टल पर पंजीयन कराया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंजीकृत 158 युवाओं में से 110 प्रतिभागियों का चयन कर उनकी सूची जारी कर दी गई है।यह आयोजन शासकीय बालासाहेब देशपांडे महाविद्यालय, कुनकुरी के नोडल अधिकारी प्रो. विनायक साय के संगठनात्मक निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष जशपुर सालिक साय होंगे। वहीं विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, जनपद पंचायत कुनकुरी की अध्यक्ष सुशीला साय तथा भारतीय जनता पार्टी जिला जशपुर के अध्यक्ष भरत सिंह उपस्थित रहेंगे।

## प्रमाणीकरण, यूडीआईडी कार्ड, सहायक उपकरण वितरण से दिव्यांगजन को मिला लाभ



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार समाज कल्याण विभाग द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनोरा में दिव्यांगजनों के प्रमाणीकरण एवं यूडीआईडी शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूनिक डिसेबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड बनाने की प्रक्रिया संपन्न की गई। साथ ही दिव्यांगजनों के लिए पेंशन योजनाओं, सहायक उपकरण, बस पास तथा ऋण से संबंधित आवेदनों का भी पंजीयन किया गया।

शिविर में जनप्रतिनिधि श्रीमती शांति भगत, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष एवं पूर्व जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुषमा सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। उनके द्वारा 8 दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल, हस्त चलित ट्राई साइकिल, व्हील चेयर एवं श्रवण यंत्र जैसे सहायक उपकरण प्रदान किए गए। साथ ही दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं यूडीआईडी कार्ड का भी वितरण किया गया। शिविर में कुल 79 दिव्यांगजनों का पंजीयन किया गया। इनमें 32 दिव्यांगजनों के प्रमाण पत्र बनाए गए तथा 32 यूडीआईडी कार्ड तैयार किए गए। 7 दिव्यांगजनों को जिला अस्पताल के लिए संदर्भित किया गया, 4 डुप्लीकेट प्रमाण पत्र जारी किए गए तथा 2 दिव्यांगजनों द्वारा पेंशन हेतु आवेदन प्रस्तुत किए गए। इसके अतिरिक्त 6 दिव्यांगजनों ने पेंशन योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा 3 दिव्यांगजन कृत्रिम अंग निर्माण हेतु चिन्हांकित किए गए। इस शिविर के माध्यम से दिव्यांगजनों को एक ही स्थान पर प्रमाणन, पहचान, सहायक उपकरण एवं योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई।




## खबर संक्षेप




### ओपीएस में राज्य स्तरीय कराटे चैम्पियनशिप 18 अप्रैल से

**अम्बिकापुर।** ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में 18 एवं 19 अप्रैल को राज्य कराटे चैम्पियनशिप का आयोजन किया जा रहा है। इसकी जानकारी ओपीएस के संस्थापक प्राचार्य डॉ. आईए खान सूरी एवं कराटे एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष अनिल बर्नवाल ने दी। प्राचार्य श्री सूरी ने बताया कि अप्रैल में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय कराटे स्पर्धा में आने वाले अधिकारियों, जज, रेफरी एवं खिलाड़ियों की सभी व्यवस्था विद्यालय प्रबंधन करेगा। कराटे एसोशिएशन के जिलाध्यक्ष सह छत्तीसगढ़ रेफरी कमीशन के अध्यक्ष अनिल बर्नवाल ने बताया कि स्पर्धा 11 एवं 12 अप्रैल को ओपीएस प्रांगण में आयोजित होगी, जिसमें राज्य भर से विभिन्न आयु एवं भार वर्ग की भागीदारी करेंगे। प्रतियोगिता में लगभग 30 रेफरी एवं जज के साथ प्रदेश कराटे एसोशिएशन के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

### मेंटर- मेंटी कार्यशाला में रोजगार के अवसरों पर हुई चर्चा



**वाड्रफनगर।** शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा बुधवार को मेंटर–मेंटी कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भूगोल विभागाध्यक्ष बेनी प्रसाद डेहरिया ने कहा कि वर्तमान समय में भूगोल विषय में रोजगार की असीम संभावनाएं हैं। इसके लिए सही मार्गदर्शन, कौशल विकास एवं निरंतर प्रयास की आवश्यकता है। इस दौरान विद्यार्थियों को विभिन्न करियर विकल्पों जैसे—जीआईएस एवं रिमोट सेंसिंग, आपदा प्रबंधन, शहरी एवं ग्रामीण नियोजन, पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन अध्ययन, सर्वेक्षण कार्य, प्रतियोगी परीक्षाएं (यूपीएससी, सीजीपीएससी, व्यापम), शिक्षण एवं शोध के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई।अंत में विद्यार्थियों ने करियर संबंधी प्रश्न पूछे तथा उच्च शिक्षा, शोध, कौशल विकास पाठ्यक्रमों एवं इंटर्नशिप के अवसरों पर भी चर्चा की।

### महिला मोर्चा ने युकां के विरूद्ध किया प्रदर्शन, फूंका पुतला



**अम्बिकापुर।** भारत मंडपम में युकां के अमर्यादित प्रदर्शन के विरोध में घड़ी चौक पर भाजपा महिला मोर्चा ने विरोध प्रदर्शन किया तथा राहुल गांधी का पुतला दहन किया। इस दौरान शुभांगी बिहाड़े ने कहा कि एआई समिट जैसे अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रदर्शन न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों का अपमान है, बल्कि देश की गरिमा और संस्कृति पर सीधा आघात है। युवा कांग्रेस के कार्यकर्ता अराजकता की राजनीति कर रहे हैं। लोकतंत्र में विरोध का अधिकार है, लेकिन अशोभनीय और अमर्यादित आचरण को किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस प्रकार की राजनीति से देश की छवि धूमिल होती है और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचती है। इस दौरान महापौर मंजूषा भगत, प्रदेश महिला मोर्चा महामंत्री फूलेश्वरी सिंह, जिला महामंत्री अरुणा सिंह, मधु चौदाहा, माया मिश्रा, सावित्री जायसवाल, प्रिया सिंह, निशांत सिंह सोलू, आनंदी बड़ा, गुंजन सिंह देव, सरिता मिश्रा, अल्पना मिश्रा, महामंत्री नीलू गुप्ता सहित बड़ी संख्या में महिला एवं युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### फुट ओवर ब्रिज, डिजिटल डिस्प्ले स्थापित करने आदेश जारी

# मार्च से शुरू होगा रेलवे स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**
- रेलवे सलाहकार समिति की बैठक में विकास कार्यों पर चर्चा

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे की क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति की बिलासपुर में आयोजित बैठक में सरगुजा क्षेत्र से जुड़े रेलवे वि का स कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई और कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। क्षेत्रीय रेलवे उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति के सदस्य मुकेश तिवारी ने बताया कि अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण कार्य मार्च माह से प्रारंभ किया जाएगा। इसके साथ ही स्टेशन में 20 फीट चौड़े फुट ओवर ब्रिज तथा डिजिटल कोच डिस्प्ले प्रणाली की स्थापना के लिए कार्यादेश जारी किए गए हैं। रेलवे स्टेशन में एक अतिरिक्त मार्ग विकसित करने संभावना का परीक्षण कराया जा रहा है वहीं अंबिकापुर स्टेशन परिसर में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र प्रारंभ करने रेलवे महाप्रबंधक ने अनुमोदन दिया है।

बैठक में अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण की स्वीकृति, टेंडर और वर्क ऑर्डर जारी होने के बावजूद अभी तक निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं किए जाने पर सदस्यों ने नाराजगी जताई। इस मुद्दे को उठाते हुए जेडआरयूसीसी सदस्य मुकेश तिवारी ने कहा कि अतिरिक्त प्लेटफार्म की सुविधा उपलब्ध न होने के कारण ट्रेन परिचालन में निरंतर असुविधा हो रही है साथ ही यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिए निर्धारित समयावधि का लगभग आधा समय बीत चुका है, इसके बावजूद कार्य प्रारंभ न होना प्रशासनिक उदासीनता और यात्रियों के प्रति अन्यायपूर्ण रवैया दर्शाता है। उन्होंने कहा कि सरगुजा संभाग मुख्यालय का सबसे महत्वपूर्ण रेलवे स्टेशन होने के बावजूद अंबिकापुर में यात्री सुविधाओं का पर्याप्त सुदृढ़ीकरण नहीं किया गया है, जबकि यहां यात्रियों की संख्या लगातार बढ़ रही है। रेलवे प्रबंधन ने बताया कि अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण प्रारंभ करने के लिए अंबिकापुर स्थित गुड्स शेड का कार्य 1 मार्च से रोक दिया गया है, जिसके बाद यह क्षेत्र अतिरिक्त प्लेटफार्म निर्माण के लिए उपलब्ध हो जाएगा। अधिकारी ने यह भी जानकारी दी कि स्टेशन पर यात्री सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए 6 मीटर चौड़े फुट ओवर ब्रिज तथा डिजिटल कोच डिस्प्ले प्रणाली की स्थापना हेतु आदेश जारी कर दिए गए हैं।



रेल अधिकारियो के साथ सलाहकार समिति के सदस्य।

**अप्रैल के पूर्व पूरी होगी पिट लाइन**

पिट लाइन निर्माण कार्य को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। जेडआरयूसीसी सदस्य द्वारा पिट लाइन कार्य को तेजी से किए जाने की मांग पर रेलवे प्रशासन ने चालू वित्तीय वर्ष के भीतर इस कार्य को पूर्ण करने का आश्वासन दिया। स्टेशन तक पश्चिम दिशा से पृथक पहुंच मार्ग की मांग पर अधिकारी ने बताया कि इस संबंध में राज्य शासन के संबंधित अधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर इसकी संभावना का परीक्षण कराया जाएगा। प्रस्ताव के तकनीकी, भूमि उपलब्धता एवं यातायात दृष्टि से व्यवहार्य पाए जाने पर नियमानुसार इसके निर्माण की कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने अंबिकापुर रेलवे स्टेशन में प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि केंद्र खोलने की स्वीकृति देने की जानकारी दी।




## ब्रेक फेल होने के बाद पीछे दौड़ने लगी बस

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेदम

एनएच 43 पर मंगलवार को उस समय यात्रियों में अफरा तफरी की स्थिति निर्मित हो गई जब यात्रियों से भरी जय मां महामाया बस सर्विस की कंडम बस का ब्रेक फेल हो गया तथा बस बैक गीयर में तेज रफ्तार से एक किमी तक पीछे की ओर दौड़ती रही। इस दौरान अनियंत्रित बस ने पीछे से आ रही एक इनोवा कार को भी टक्कर मार दी।

- खड़ी इनोवा को मारी टक्कर, चार घायल

रोज की तरह मंगलवार को जय मा महामाया बस सर्विस की 19 वर्ष पुरानी कंडम बस क्रमांक सीजी 15 ए 5435 सीतापुर से यात्रियों को लेकर अम्बिकापुर आ रही थी। बस बतौली बस स्टैंड में रुकी तथा यात्रियों को लेकर जैसे ही अंबिकापुर की ओर बढ़ी अचानक ही बस का ब्रेक फेल हो गया तथा बस तेज रफ्तार से बैक गीयर में एनएच पर पीछे की ओर दौड़ने लगी। बस की रफ्तार इतनी तेज थी कि यात्रियों में अफरा-तफरी की स्थिति निर्मित हो गई तथा भीषण दुर्घटना होने के भय से यात्री अपनी जान बचाने नीचे कूदने लगे। गनीमत रही कि इस दौरान एनएच पर वाहनों का आवागमन कम था अन्यथा भीषण दुर्घटना हो सकती थी। यात्री बस एक किमी दूर बतौली चौक तक पीछे की ओर दौड़ती रही। चौक पर बाहर से इनवा क्रमांक यूपी 14बीजेड 4743 के चालक चौक के निकल फल खरीद रहे थे जबकि चार व्यक्ति कार में बैठे थे। पीछे दौड़ रही यात्री बस ने कार को टक्कर मार दी। दुर्घटना में कार सवार यात्री गंभीर रूप से घायल हो गए वहीं टक्कर मारने के बाद यात्री बस खड़ी हो गई। स्थानीय लोगों ने घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। दुर्घटना के बाद चालक बस छोड़कर फरार हो गया।

## नाबालिग के अपहरण की अफवाह से हड़कंप

**बिश्रामपुर।** बिश्रामपुर रेलवे स्टेशन के समीप ग्राम कुंजनगर के अवराडुग्गू मोहल्ले में बुधवार की सुबह शासकीय मिडिल स्कूल की कक्षा सातवीं की नाबालिग छात्रा को कथित रूप से कार सवार युवकों द्वारा अगवा करने के प्रयास की फैली खबर से नगर में हड़कंप मच गया,सूचना मिलते ही पुलिस अमला दिनभर जांच में जुटा रहा,मामले की गंभीरता को देखते हुए सूरजपुर एसएसपी प्रशांत ठाकुर ने तत्काल बिश्रामपुर और जयनगर थाना पुलिस के साथ साइबर सेल को जांच में लगाया और स्वयं पूरे घटनाक्रम की मॉनिटरिंग करते रहे,पुलिस की सक्रियता से कुछ ही घंटों में संदिग्ध कार को पकड़ लिया गया,कार सवार युवकों से पूछताछ की जा रही है,पकड़ी गई संदिग्ध कार शिवनन्दनपुर के तलवापारा की बताई गई है,हालांकि अब तक की जांच में अपहरण जैसी घटना होने की कोई पुष्टि नहीं हुई है,पुलिस का कहना है कि मामला नाबालिग छात्रा से जुड़ा है, इसलिए हर पहलू से बारीकी से जांच की जा रही है।

- डीएवी स्कूल ने अभिभावकों के लिए एडवाजरी जारी कर बच्चों को अकेले स्कूल न भेजने किया आह्वान, बिश्रामपुर व साइबर सेल पुलिस टीम ने शुरू की जांच, एक कार को पूछताछ के बाद छोड़ा गया



जानकारी के अनुसार, शासकीय माध्यमिक शाला स्टेशनपारा अवराडुग्गू में अध्ययनरत नाबालिग छात्रा सुबह लगभग 9.45 बजे घर से पैदल स्कूल के लिए निकली थी,स्कूल एनएच-43 स्थित सिंह पेट्रोल पंप के समीप है,छात्रा का कहना है कि स्कूल से करीब 200 कदम पहले कार सवार चारसे पांच युवकों ने उसे जबरन वाहन में बैठाने की कोशिश की,आरोप है कि युवकों ने रुमाल में कोई नशीला पदार्थ सुंघाकर बेहोश करने का प्रयास किया लेकिन छात्रा ने विरोध करते हुए एक युवक के हाथ पर दांत से काट लिया और वहां से भागकर स्कूल पहुंच गई।

स्कूल पहुंचकर उसने रोते हुए शिक्षिकाओं को घटना की जानकारी दी। हेडमास्टर संजीदा,शिक्षिका रश्मि मसीह और पूनम चौहान ने तत्काल संकुल समन्वयक को सूचित कर छात्रा को लेकर घटनास्थल पहुंचीं और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और संदिग्ध वाहन को ट्रेस कर कुछ ही घंटे में थाने ले आया। छात्रा से कार सवारों की पहचान कराई जा रही है साथ ही पुलिस अन्य एंगल से भी जांच कर रही है ताकि यह स्पष्ट हो सके कि मामला छात्रा से छेड़छाड़ के प्रयास का है या अफवाह। उल्लेखनीय है कि कुछ दिन पूर्व नगर के इतवारी बाजार क्षेत्र में संचालित एक निजी स्कूल की तीसरी कक्षा की छात्रा के अपहरण के असफल प्रयास की भी चर्चा रही थी, जिसकी अब तक पुष्टि नहीं हो सकी है,बुधवार को भी नगर में बच्चा चोर गिरोह की अफवाह दिनभर फैलती रही। इसी मामले को लेकर डीएवी स्कूल प्रबंधन द्वारा अभिभावकों के लिए एक एडवाइजरी जारी कर मोबाइल में मैसेज भेजा गया है जिसमें बच्चा चोर गिरोह से सतर्क रहने एवं विद्यार्थियों को अकेले स्कूल के रास्ते में ना भेजने आह्वान किया गया है जिससे दिन भर नगर में चर्चा का केंद्र बना रहा। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी है और अफवाहों पर ध्यान न देने आह्वान किया है।

## युवक कांग्रेस ने राष्ट्रीय अध्यक्ष की गिरफ्तारी के विरोध में किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी के विरोध में बुधवार को युवा कांग्रेस सरगुजा ने जिलाध्यक्ष विकल झा के नेतृत्व में घड़ी चौक पर प्रधानमंत्री का पुतला फूंका। पुतला दहन के दौरान पुलिस व कार्यकर्ताओं के बीच विवाद की स्थिति बनी जिसके बाद युवा कांग्रेस ने पुलिस प्रशासन का भी पुतला फूंका। वहीं इस मामले में पुलिस जवान की शिकायत पर युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों के विरूद्ध धारा 296, 132 व 221 के तहत अपराध दर्ज किया गया है।

- फूंका पीएम व पुलिस का पुतला

कांग्रेस का आरोप है कि एपस्टीन फाइल में मोदी और उनके मंत्रिमंडल के सदस्यों और उद्योगपति मित्रों का नाम आने के दबाव और अमेरिका के कोर्ट में फंसे अडानी को बचाने के लिये मोदी सरकार ने ट्रंप के सामने सरेंडर करते हुए देश के आर्थिक हितों को नुकसान पहुंचाने वाला ट्रेड डील कर लिया है। मोदी सरकार के इस सरेंडर नीति के विरोध में युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रतीकात्मक रूप से एआई समिट के दौरान विरोध प्रदर्शन किया था। इस लोकतांत्रिक विरोध से बौखलायी केंद्र सरकार ने युवा कांग्रेस के खिलाफ देश भर में दमन चक्र चलाया हुआ है। युवा कांग्रेस के अनेक कार्यकर्ताओं के साथ ही साथ उनके राष्ट्रीय अध्यक्ष को भी गंभीर धाराओं में गिरफ्तार किया गया है। इसके विरोध में युवा कांग्रेस सरगुजा ने प्रधानमंत्री का पुतला दहन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष विकल झा ने कहा कि कांग्रेस ने अहिंसात्मक ढंग से विरोध प्रदर्शन का अधिकार गांधी जी से सीखा है। इस दौरान गुरप्रीत सिद्धू, आलोक सिंह, रजनीश सिंह, नीतीश चौरसिया, उत्तम रजवाड़े, सतीश बारी, विष्णु सिंहदेव, आशीष जायसवाल, आकाश अग्रहरि, विकास केसरी, सतीश घोष, संजर नवाज़, भोले रजवाड़े, आकाश यादव, अंकित जायसवाल, ऋषभ जायसवाल, प्रियांशु जायसवाल, दीपेंद्र मंडल, सौरभ मिस्तरी, आयुष सिंह, सुजय मंडल, लोलर सिंह, आदि उपस्थित थे



**पुलिस के साथ झूमाझटकी और विवाद**

पुतला दहन के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर झूमाझटकी हुई। बात एफआईआर करने तक पहुंच गई थी। इस पुतला दहन के कुछ समय पहले भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा बेरोकटोक राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया था तब पुलिस मूकदर्शक बनी रही, लेकिन युवा कांग्रेस के पुतला दहन को रोकने के लिए पुलिस ने काफी जद्दोजहद की। इस दोहरे रवैये के कारण कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर हंगामा हुआ। बाद में कांग्रेस जिलाध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के हस्तक्षेप से मामला सुलझा।

**घटना में उपयोग हुई एक इनोवा और एक सेल्टोस कार हुई जप्त**

## स्टेट हाईवे में यातायात बाधित कर जन्मदिन मनाने मामले में फरार चल रहे दो और आरोपी हुए गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** अम्बिकापुर-बनारस अंतर्राज्यीय मार्ग पर सोनवाही स्थित आरव रेस्टोरेंट के सामने सड़क पर चारपहिया वाहन खड़ा कर जन्मदिन मनाने और आतिशबाजी कर यातायात बाधित करने के मामले में लटोरी पुलिस ने फरार चल रहे दो और आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है,गौरतलब है कि गत दिनों 16 फरवरी की रात अमितेश गुप्ता व उसके साथियों द्वारा लोक मार्ग पर वाहन खड़े कर बर्थडे सेलिब्रेशन करते हुए आतिशबाजी की गई थी, जिससे स्टेट हाईवे पर काफी देर तक आवागमन प्रभावित हुआ था और एक एम्बुलेंस भी फंसी रह गई थी, उक्त मामले में लटोरी पुलिस ने धारा 285,126(2), 287,288 बीएनएस तथा मोटरयान अधिनियम की धारा 184,201 के तहत कार्रवाई करते हुए 20 फरवरी को सात आरोपियों क्रमशः अमितेश गुप्ता,अंशुल अग्रवाल, प्रथम अग्रवाल,शुभम अग्रवाल, महेश साहू,निखिल रामा एवं अरुण देवांगन को गिरफ्तार कर कोतवाली थाना से शहर में पैदल जुलूस निकालकर सूरजपुर न्यायालय पेश किया था,मामले में दो आरोपी अभिषेक और अनमोल फरार चल रहे थे,एसएसपी सूरजपुर प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देश पर फरार आरोपियों की तलाश तेज की गई। विवेचना के दौरान मिली सूचना के आधार पर लटोरी पुलिस ने अभिषेक गुप्ता पिता विजय गुप्ता, निवासी केनापारा बिश्रामपुर और अनमोल चौधरी पिता सुरेन्द्र चौधरी निवासी अम्बिकापुर को दबिश देकर पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से एक इनोवा एवं एक किया सेल्टोस कार जब्त की गई है,दोनों को गिरफ्तार कर बुधवार को सूरजपुर न्यायालय पेश किया गया है।



## बिक्री किए जमीन के पैसें में हिस्सेदारी मांगने पर पेट्रोल डाल बेटा को जलाया, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पंचायत चुनाव के लिए बिक्री किए जमीन के पैसों में से जब बडे बेटा ने अपने हिस्से का पैसा मांगा तो पिता ने न सिर्फ पत्नी व छोटे बेटा के साथ मिलकर जमकर मारपीट की बल्कि पेट्रोल डालकर आग के हवाले कर दिया। आग से गंभीर रूप से झुलसे युवक की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।



जानकारी के अनुसार नारायणपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुनकुरी कौशल राम आ. शवि शंकर यादव (28 वर्ष) 13 फरवरी की रात पिता शिवशंकर से बिक्री किए जमीन के पैसा की बटवारा करने तथा अपने हिस्से के पैसा की मांग कर रहा था जिस पर पिता ने पैसा देने से इनकार कर पुत्र से विवाद करने लगा। विवाद इतना बढ़ गया कि पिता शिव शंकर ने पत्नी चद्रमुनि भगत, पुत्र अंकुर यादव के साथ मिलकर कौशल की जमकर पिटाई कर दी। मारपीट करने बाद पिता ने घर में रखे पेट्रोल को कौशल के ऊपर डालकर आग लगा दी जिससे पुत्र कौशल गंभीर रूप से झुलस गया। पति की हालत गंभीर होने पर पत्नी कामना ने पति को नारायणपुर अस्पताल में भर्ती कराई। चिकित्सकों ने युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां कुछ दिन चले उपचार के पश्चात चिकित्सकों ने युवक की छुट्टी कर दी। 23 फरवरी की रात जब पत्नी भोजन कराने के बाद पति को दवा खिला रही थी तभी कौशल की तबीयत अचानक खराब हो गई। परिजन कौशल को शहर के निजी अस्पताल में दाखिल कराया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की पत्नी कामना ने पुलिस को बताया कि 2-3 साल पूर्व ससुर शिव शंकर पंचायत चुनाव के लिए 5 डिसमिल जमीन को बेच दिया था।

पति ने बेचे गए जमीन के पैसा में अपनी हिस्से का पैसा मांगा तो ससुर ने उसके पति के ऊपर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। बहरहाल मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर अग्रिम कार्रवाई के लिए डायरी संबंधित थाना भेजने की तैयारी में है।

### साल 2014 में 35 लाख की लागत से कराया गया था निर्माण

# देखरेख के अभाव में ग्राम पंचायत कलामांजी स्थित सामुदायिक भवन खंडहर में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ ओड़गी

शासन प्रशासन द्वारा गांव के विकास के लिए कई विभिन्न योजनाएं संचालित की जा रही है। योजनाओं को लाभ न सिर्फ ग्रामीणों को मिल रहा है बल्कि गांव का विकास भी हो रहा है। ग्रामीणों को किसी सार्वजनिक कार्यक्रम या शादी विवाह जैसी कार्यक्रम में किसी प्रकार की परेशानी न हो इसे ध्यान में रख ग्राम पंचायतों में एक सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है जिसका लाभ ग्रामीणों को मिल रहा है।

ग्राम पंचायत कलामांजी में भी लाखों की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया परंतु देखरेख के अभाव में भवन अब खंडहर में तब्दील हो गई है जिससे गांव के लोग सामुदायिक भवन से वंचित है। ऐसा नहीं है कि इसकी जानकारी ग्राम पंचायत को नहीं है बावजूद इसके भवन मरम्मत के लिए किसी प्रकार की पहल नहीं होने से सामुदायिक भवन की हालत दयनीय हो गई है। ओड़गी क्षेत्र के ग्राम पंचायत कलामांजी में साल 2014 में लगभग 35 लाख की लागत से सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया। इधर गांव में सामुदायिक भवन का निर्माण होने से गांव के लोगों को विभिन्न सार्वजनिक कार्यक्रम तथा वैवाहिक कार्यक्रम के लिए एक अच्छी सुविधा उपलब्ध गई और ग्रामीण काफी खुश नजर आए। परंतु ग्रामीणों की खुशी उस समय बदल गई जब देखरेख के अभाव में सामुदायिक भवन खंडहर में तब्दील हो गई। ग्रामीणों का कहना है कि वर्ष 2014 में लगभग 35 लाख रुपए की लागत से क्षेत्र के विकास और जन सुविधा के उद्देश्य से निर्मित सामुदायिक भवन का निर्माण किया गया परंतु मरम्मत और नियमित देखरेख के अभाव में यह भवन अब खंडहर में तब्दील हो चुका है।

जिस भवन से गांव के सामाजिक, सांस्कृतिक और युवा गतिविधियों को नई दिशा मिलनी थी, वह आज बदहाली की मार झेल रहा है। भवन परिसर में चारों ओर झाड़-झंखाड़ उग आए हैं और कचरा व में गंदगी का अंबार लगा है। दीवारों की पुताई झड़ रही है, प्लास्टर उखड़ चुका है और छत की स्थिति भी दयनीय हो गई है। हालत इतनी बदहाल है कि भवन के खिड़की-दरवाजे तक चोरी हो चुके हैं। सुरक्षा और रखरखाव की कोई व्यवस्था नहीं होने से यह भवन अब असामाजिक तत्वों का अड्डा बन चुका है। ऐसे में समय रहते भवन की मरम्मत नहीं कराई गई तो आने दिनों में भवन का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगी।


जर्जर सामुदायिक भवन।

**कराई जाएगी मरम्मत**

सामुदायिक भवन काफी जर्जर हालत में है और पंचायत मद से राशि उपलब्ध नहीं होने के कारण मरम्मत नहीं हो सका है। राशि उपलब्ध होने के बाद मरम्मत कराया जाएगा।

-अर्जुन सिंह नेताम, सरपंच कलामांजी




## लॉस एंजिल्स में हुई रणबीर की रामायण की खास स्क्रीनिंग

**मुंबई।** नितेश तिवारी द्वारा निर्देशित रणबीर कपूर स्टारर 'रामायण' को इस साल की सबसे बहुप्रतीक्षित फिल्म माना जा रहा है। फैंस फिल्म के टीजर का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस साल दिवाली में रिलीज होने वाली 'रामायण'की पहली खास स्क्रीनिंग अमेरिका के लॉस एंजिल्स के सिनेमार्क प्लाया विस्टा थिएटर में की गई। जानकारी के मुताबिक, फिल्म को वहां काफी सराहना मिली है। एक रिपोर्ट के अनुसार, 'रामायण'की पहली स्क्रीनिंग लॉस एंजिल्स के सिनेमार्क प्लाया विस्टा थिएटर में आयोजित की गई। यह स्पेशल स्क्रीनिंग 18 से 60 वर्ष की उम्र के चुनिंदा दर्शकों के लिए की गई थी। स्क्रीनिंग से मिली शुरुआती प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं, जिनके मुताबिक फिल्म को काफी पसंद किया गया है।

लाइफ Style



## प्रियंका थियेटर में दर्शकों को दिया सरप्राइज

इंटरनेशनल स्टार बन चुकीं प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी हालिया रिलीज हॉलीवुड फिल्म 'द ब्लफ'को लेकर चर्चाओं में हैं। यह फिल्म ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है। इस बीच प्रियंका ने फिल्म की रिलीज से पहले फैंस को ऐसा सरप्राइज दिया, जिससे इसकी साधारण स्क्रीनिंग यादगार बन गई।


**लॉस एंजिल्स।** फिल्म 'द ब्लफ' के स्ट्रीमिंग पर रिलीज होने से एक दिन पहले, प्रियंका चोपड़ा न्यूयॉर्क के एक स्थानीय थिएटर में पहुंच गईं, जहां 'द ब्लफ' की स्क्रीनिंग हो रही थी। अचानक प्रियंका को अपने बीच पाकर फैंस हैरान रह गए। प्रियंका अचानक ही दर्शकों से भरे एक थिएटर में व्यक्तिगत रूप से मिलने पहुंच गईं। इस मुलाकात की तस्वीरें और वीडियो जल्द ही सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। इस दौरान फैंस ने प्रियंका के साथ तस्वीरें खिंचाईं और फिल्म को लेकर उनसे बात भी की। थिएटर में मौजूद फैंस के लिए प्रियंका की अचानक उपस्थिति किसी सरप्राइज से कम नहीं थी। 'द ब्लफ' में चोपड़ा एक पूर्व समुद्री डाकू की दमदार और एक्शन से भरपूर भूमिका में हैं। जो अपनी बेटी की रक्षा के लिए किसी भी हद तक जा सकती है। फिल्म का ट्रेलर सामने आने के बाद से ही फैंस फिल्म का इंतजार कर रहे थे। अब सामने आए फिल्म के शुरुआती रिव्यूज में दर्शक फिल्म को पसंद कर रहे हैं। वहीं, प्रियंका के अभिनय की जमकर सराहना कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण एजीबीओ स्टूडियोज ने अमेजन एमजीएम स्टूडियोज के सहयोग से किया है, जो सिटाडेल के बाद स्टूडियोज और चोपड़ा के बीच एक और कोलैबोरेशन है। प्रियंका चोपड़ा के वर्कफ्रंट की बात करें तो वो एसएस राजामौली की आगामी फिल्म 'वाराणसी' से इंडियन सिनेमा में वापसी करने वाली हैं।

हॉलीवुड मसाला




## मैंने शर्म की एक लहर महसूस की

**लॉस एंजिल्स।** 79वें बाफ्टा अवाड्र्स के दौरान माइकल बी जॉर्डन और डेलरॉय लिंडो मंच पर अवॉर्ड देने पहुंचे थे। इस बीच जॉन डेविडसन ने चिल्लाकर कुछ आपत्तिजनक शब्द कहे, जो नस्लीय भेदभाव से जुड़े हुए थे। इसके बाद ये एक विवादित मुद्दा बन गया और लोगों ने इसका सोशल मीडिया पर काफी विरोध किया और अपमानजनक बताया। अब इस पर जॉन डेविडसन ने अपनी सफाई रखी है। जॉन डेविडसन ने कहा, 'जब मेरे कोप्रोलालिया टिक्स सामने आए, तो मेरा दिल बैठ गया। हमेशा की तरह, मुझे शर्म और झिझक की एक लहर ने घेर लिया। ऐसा लगा जैसे जमीन फट जाए और मैं उसमें समा जाऊं।'डेविडसन ने कहा कि उनके मुंह से निकले शब्द किसी सोच या इरादे का हिस्सा नहीं थे, बल्कि यह एक 'अनैच्छिक न्यूरोलॉजिकल रिएक्शन'था।




## टैरेंटीनो के साथ काम करना चाहते हैं लिलार्ड

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर फिल्ममेकर क्वेंटिन टैरेंटिनो ने पिछले साल हॉलीवुड अभिनेता मैथ्यू लिलार्ड की सबके सामने बुराई की थी। अब मैथ्यू लिलार्ड का इस पर रिएक्शन दिल छू लेने वाला है। मैथ्यू लिलार्ड ने हाल ही में खुलकर बताया कि क्वेंटिन टैरेंटिनो ने पिछले साल सबके सामने उनकी बुराई की थी, तो उन्हें काफी बुरा लगा था। लिलार्ड ने कहा कि वे टैरेंटीनो के काम को बहुत पसंद करते हैं और उनकी फिल्मों का हिस्सा बनना चाहेंगे। लेकिन, जब उन्होंने पॉडकास्ट पर अपनी बुराई सुनी, तो उन्हें बड़ा झटका लगा। उन्होंने कहा, 'वो एक शानदार फिल्ममेकर हैं। लेकिन, इस तरह अचानक ये बोलना, मुंह पर घूंसा जैसा लगना जैसा था।'लिलार्ड को लोग खासतौर पर शैगी के किरदार के लिए जानते हैं। उन्होंने कहा, 'भले ही मैंने इस बुराई को हल्के में लिया हो, लेकिन दिल तो दुखता है... और ये अच्छा नहीं लगता।'लिलार्ड ने बताया कि टैरेंटीनो के बयान के बाद उन्हें फैंस और साथियों से जबरदस्त समर्थन मिला। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा, 'ऐसा लग रहा था जैसे मैं मर गया हूं और स्वर्ग से अपने लिए आरआईपी ट्वीट्स देख रहा हूं... जैसे अपनी ही शोकसभा में शामिल हुआ हूं।'



## मां बनने के साढ़े 3 महीने बाद पब्लिक में आईं नजर

**मुंबई।** कटरीना कैफ मां बनने के साढ़े तीन महीने बाद पब्लिक के बीच नजर आईं, तो फैंस खुशी से झूम उठे। कटरीना ने 7 नवंबर 2025 को बेटे को जन्म दिया था, जिसका नाम विहान रखा। उससे पहले से कटरीना ने लोगों की नजरों से दूरी बना रखी थी। उन्होंने कोई प्रोजेक्ट्स भी साइन नहीं किए थे, ताकि बेबी पर ध्यान दे सकें। अब मां बनने के बाद से कटरीना पूरी तरह बेटे विहान में बिजी हैं। हाल ही डिलीवरी के साढ़े तीन महीने बाद वह नजर आईं, तो उन्हें देख फैंस खुश हो गए। कटरीना कैफ ने चेहरे पर मास्क लगाया हुआ था, पर ग्लो दमक रहा था। उन्होंने कैमरे देखते ही उनकी तरफ हाथ हिलाया और खिलखिलाकर हंस दीं। कटरीना कार में बैठी हुई थीं और साथ में सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर यास्मिन कराचीवाला भी थीं। यास्मिन, कटरीना की भी ट्रेनर हैं। कटरीना के इस वीडियो पर फैंस के काफी कमेंट्स आ रहे हैं।



## भागम भाग 2 में दो हीरोइनों के साथ लड़ाएंगे इश्क

**मुंबई।** अक्षय कुमार इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'भूत बंगला'को लेकर चर्चाओं में हैं। इस फिल्म के जरिए अक्षय कमुार और निर्देशक प्रियदर्शन की जोड़ी सोलह साल बाद लौट रही है। इसके अलाव अक्षय की पाइपलाइन में 'भागम भाग 2' भी है। इसकी कास्टिंग को लेकर भी लगातार नई-नई जानकारियां सामने आ रही हैं। अब ऐसी खबरें हैं कि अक्षय 'भागम भाग 2' में दो अभिनेत्रियों के साथ रोमांस करते नजर आ सकते हैं। रिपोर्ट के मुताबिक, अक्षय फिल्म में जिन दो अभिनेत्रियों के साथ नजर आएंगे, उनमें मीनाक्षी चौधरी और 'धुरंधर के 'शरारत' गाने से सुर्खियां बटोरने वाली आयशा खान के नाम शामिल हैं। फिल्म में तीनों के बीच रोमांटिक एंगल देखने को मिलेगा। रिपोर्ट में आगे ये भी बताया गया है कि दोनों अभिनेत्रियां फिल्म की नई कहानी में अहम भूमिकाएं निभाने वाली हैं। 'भागम भाग 2' की कहानी गलत पहचान, कन्फ्यूजन और क्लासिक कॉमेडी-ऑफ-एरर्स से भरपूर होगी।

टीवी मसाला



## कुकिंग का हंगामा बदल गया हंसी से भरे सफारी में

**मुंबई।** कलर्स के शो 'लाफ्टर शेफ्स अनलिमिटेड एंटरटेनमेंट' की किचन इस बार जंगल थीम में तब्दील हो गई, जहां कुकिंग का हंगामा हंसी से भरे सफारी में बदल गया। एप्रन की जगह जानवरों के अंदाज़ ने ली और किचन का फ्लोर जंगल में बदल गया, जहां सिर्फ एक ही नियम था- हंसो या हंसाओ! जंगल स्पेशल एपिसोड में प्रतिभागियों ने अपने वाइल्ड अंदाज़ को अपनाया।अंकिता लोखंडे बिल्ली बनकर मंच पर आईं।सुधेश लेहरी जंगल सफारी गार्ड के रूप में नज़र आए। जन्नत जुबैर ने केंचुए का किरदार निभाया। कृष्णा ऊंट बने। सामर्थ घोड़े के रूप में आए। भारती तितली की तरह इधर-उधर उड़ती दिखीं, जबकि बाकी टीम भी उतने ही मज़ेदार और अनोखे अवतारों में दिखाई दी। इस वाइल्ड मस्ती में क्यूटनेस का तड़का तब लगा जब कंटेस्टेंट्स अपने असली पालतू जानवरों को लेकर पहुंचे। करण कुंद्रा और तेजस्वी प्रकाश अपने डॉग्स मज़नू और डाकू को लेकर आए। अंकिता ने अपनी बिल्ली माऊ से सबको मिलवाया। अर्जुन बिजलानी अपनी कैट ऑरा के साथ आए, जबकि अली गोनी अपने डॉग रैम्बो को लेकर पहुंचे। कुछ देर के लिए किचन पालतू जानवरों का पैराडाइज़ बन गई और दिल पिघल गए। भले ही काउंटर पर कुकिंग का हंगामा जारी रहा।जंगल तब और ज़िंदा हो उठा जब तेजस्वी ने अपने आइकॉनिकट्रैक 'मैंनागिन' पर नागिन-स्टाइल एंट्री की। सर्प क्वीन के अवतार में उन्होंने अपना मशहूर नागिन डायलॉग बोला-इस बार 'लाफ्टर शेफ़्स' के खास ट्विस्ट के साथ। लेकिन, इससे पहले की वह ज़्यादा आगे बढ़ पातीं, कृष्णा अभिषेक ने रोस्ट करते हुए चुटकी ली कि तेजस्वी घंटों मेकअप में बैठती हैं, फिर लेट हो जाती हैं औरउसके बाद रोनेलगती हैं। जब लगा कि हंगामा अपनी चरम सीमा पर है, तभी हरपाल सिंह सोखी ने जंगल का सबसे बड़ा ट्विस्ट दिया'कुक-ऑफ के लिए लाइटरबैन!' असली जंगल सर्वाइवल मोड में कंटेस्टेंट्स को आग जलाने और खाना बनाने का नया तरीका ढूंढना पड़ा। यह शो हर शनिवार-रविवार रात 9:00 बजे केवल कलर्स पर प्रसारित होता है!

### 'मुंगेरी के भाई नौरंगीलाल' ने बना दिया था स्टार

**नई दिल्ली।** राजपाल यादव बीते दिनों अपनी जेल यात्रा को लेकर चर्चा में रहे। एक्टर ने 9 करोड़ रुपए के चेक बाउंस केस में तिहाड़ जेल में सरेंडर किया था। हालांकि उन्हें कोर्ट से अस्थाई राहत मिल गई है और अब वह बाहर है। आज



हम राजपाल यादव के उन दिनों की बात करने जा रहे हैं, जब उन्होंने अपने दमदार एक्टिंग से टीवी पर धमाल मचा दिया था। 90 के दशक में राजपाल ने काम करना शुरू किया लेकिन उन्हें सफलता मिली इस दशक के आखिरी के सालो में, जब उन्होंने प्रकाश झा का एक टीवी शो किया, जिसमें वह लीड रोल में थे। हम बात कर रहे है दूरदर्शन पर आने वाले शो 'मुंगेरी के भाई नौरंगीलाल' की। 'मुंगेरी के भाई नौरंगीलाल' शो में राजपाल लीड रोल में थे। ये शो 90 के दशक के मशहूर शो 'मुंगेरी के हसीन सपने' का सीक्वल था। दूरदर्शन के समय में ये शो बड़ा हिट रहा और राजपाल के किरदार को बेहद पसंद किया

## नैनीताल में विक्रांत और मानुषी ने की स्कूटर राइड

**मुंबई।** मिस वर्ल्ड रहीं मानुषी छिल्लर की बॉलीवुड में अब तक की जर्नी काफी निराशाजनक रही है। मानुषी के खाते में अब तक एक भी हिट फिल्म नहीं है। हालांकि, उन्हें काम लगातार मिल रहा है। इन दिनों मानुषी छिल्लर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो नेशनल अवॉर्ड विनर एक्टर विक्रांत मैसी के साथ शूटिंग करती नजर आ रही हैं। हालांकि, अब तक प्रोजेक्ट को लेकर कोई आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। इसलिए अभी ये कंफर्म नहीं है कि ये किसी फिल्म की शूटिंग या कोई एड या कुछ और है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा वीडियो नैनीताल का बताया जा रहा है।

### अभी किसी प्रोजेक्ट की नहीं हुई है घोषणा

सेट से वायरल हो रहे वीडियो में मानुषी और विक्रांत एक स्कूटर की सवारी करते नजर आ रहे हैं। मानुषी स्कूटर चला रही हैं, जबकि विक्रांत पीछे बैठे नजर आ रहे हैं। पीले रंग के स्कूटर पर मानुषी




सफेद रंग के टॉप और नीले और सफेद रंग के फ्लोरल लॉन्ग स्कर्ट में नजर आ रही हैं। जबकि विक्रांत पिंक जैकेट और ब्लू जींस में दिख रहे हैं। पीछे बैठे विक्रांत हरे रंग का हेलमेट भी लगाए हुए हैं। वीडियो में बंदूकें रखी भी नजर आ रही हैं। सेट से सामने आया ये छोटा सा वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। हालांकि, अभी तक विक्रांत और मानुषी के किसी प्रोजेक्ट की घोषणा नहीं हुई है। लेकिन अगर ये कोई फिल्म है, तो ये जोड़ी पहली बार बड़े पर्दे पर नजर आएगी। देखने वाली बात ये भी होगी कि फिल्म नैनीताल की पृष्ठभूमि पर आधारित कोई रोमांटिक ड्रामा होगी या फिर नैनीताल सिर्फ फिल्म का हिस्सा है।

## 13 साल की उम्र में पर्दे पर बनी मां 6 दशक तक सिनेमा में किया राज



**नई दिल्ली।** करीब 6 दशकों तक बतौर एक्ट्रेस इंडस्ट्री में राज करने वाली इस हसीना ने महज 13 साल की उम्र में बड़े पर्दे पर मां की भूमिका निभाकर हर किसी को हैरान कर दिया था। जिस अभिनेत्री के बारे में इस लेख में जिक्र किया जा रहा है, उसे सिनेमा की चांदनी कहा जाता था। बतौर चाइल्ड आर्टिस्ट श्रीदेवी ने सिनेमा जगत में अपना सफर शुरू किया था। लेकिन, उनको सबसे अधिक लाइमलाइट 13 साल की उम्र में मां का किरदार निभाने से मिली थी। साउथ सिनेमा के मशहूर निर्देशक रहे बालचंदर के निर्देशन में बनी फिल्म 'मंदरू मुदिचू' में श्रीदेवी ने सुपरस्टार रजनीकांत की मां की भूमिका निभाई थी। इसके बाद श्रीदेवी और रजनीकांत लगभग 20 फिल्मों में एक साथ काम किया। श्रीदेवी मूलरूप से साउथ सिनेमा से नाता रखती थीं। हिंदी सिनेमा में डेब्यू से पहले उन्होंने साउथ सिनेमा की मूवीज में अपना जलवा बिखेरा था। इस दौरान कई दक्षिण भारतीय फिल्मों में काम किया, जिनकी डिटेल्स इस प्रकार है तेलुगु मूवीज- 103, तमिल मूवीज- 84, हिंदी मूवीज- 84, मलयालम मूवीज- 24, कन्नड़ मूवीज- 5। इस तरह से बतौर एक्ट्रेस श्रीदेवी ने अपने 6 दशक से लंबे फिल्मी कॅरियर में करीब 300 से ज्यादा फिल्मों में काम किया था। उनकी लोकप्रिय हिंदी मूवीज के बारे में जिक्र किया जाए तो उनमें तोहफा, नागिना, निगाहें, मिस्टर इंडिया, चालबाज, चांदनी, खुदा गवाह, जुदाई, लाडला, इंग्लिश विंग्लिश और मॉम जैसी कई शानदार फिल्मों के नाम शामिल रहे।

### पत्नी के गहने बेच बनाई फिल्म, सिनेमा के पितामह की कहानी

# वैश्याओं ने ठुकराया फिल्म का ऑफर, मर्द को बनाया हीरोइन

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

आजादी दूर-दूर नजर नहीं आ रही थी... देश गुलामी की बेड़ियों में जकड़ा हुआ था। मनोरंजन का तो कोई साधन ही नहीं था। मनोरंजन के नाम पर तब कुछ नाटक या मंच पर कुछ कलाएं हो जाया करती थीं। सिनेमा, टीवी, फिल्में... इन शब्दों का इजात तक हमारी जीवन शैली में नहीं हुआ था। इसी बीच हिंदी सिनेमा को पांव देने, पंख लगाने और उसे पैदा करने वो आए, जिन्हें बाद में सिनेमा का जनक कहा गया। आज की कहानी उन्हीं की, जिन्हें लोगों ने पागल कह डाला, जिनकी जिद और जुनून मनोरंजन का सवेरा ले आई और एक वो करिश्मा करके गई, जिसकी बदौलत आज हमें सिनेमा का दीदार हो रहा है।

### ऐसे बनाई थी पहली फिल्म

साल 1910 में मुंबई के 'अमेरिका-इंडिया पिक्चर पैलेस' में दादा साहेब ने एक मूक फिल्म देखी थी और इस फिल्म का नाम था 'द लाइफ ऑफ क्राइस्ट'। फिल्म देखते हुए उन्हें ईसा मसीह की जगह कृष्ण और राम दिखाई देने लगे। उन्होंने सोचा, 'क्या हम भारतीय भगवानों को परदे पर नहीं ला सकते?' यहीं से भारतीय सिनेमा का बीज पड़ा और यहीं से उनके दिमाग में कई चीजें आने लगीं। आखिरकार उन्होंने फिल्म राजा हरिश्चंद्र बनाने का फैसला कर लिया था। लेकिन, इसके लिए कलाकार, इक्विपमेंट, पैसे, लोगों के खाने की व्यवस्था सब कुछ करना था। दादा साहेब ने कई लोगों से फिल्म को प्रोड्यूस करने के लिए फंड मांगा। लेकिन, इस नए काम में पैसे लगाने से सब डर रहे थे। उन्हें यकीन दिलाने के लिए दादा साहेब ने पौधों के विकास पर एक छोटी सी फिल्म बनाई।



### महाराष्ट्र में जन्में सिनेमा के जनक

देश में आजादी की सुबह तब नहीं थी और उसी वक्त नासिक के एक साधारण से दिखने वाले 'धुंडीराज गोविंद फाल्के' ने एक ऐसा सपना देखा जिसे उस वक्त के लोग 'पागलपन' कहते थे। पागलपन ऐसा कि जिसने सिनेमा को हमें सौंपा। 30 अप्रैल 1870 ये वो तारीख है जब त्र्यंबकेश्वर (महाराष्ट्र) में उनका जन्म हुआ। अपनी शरुआती पढ़ाई 1885 में मुंबई के सर जेजे स्कूल ऑफ आट्र्स से पूरी की। इसके बाद 1890 में कलाकृति, इंजियनिरिंग, ड्राइंग, पेंटिंग और फोटोग्राफी की पढ़ाई गुजरात के वड़ोदरा से पूरी की। सिनेमा में आने से पहले उन्होंने फोटोग्राफर के रूप में काम किया, पेंटिंग की। इसी बीच उनकी पत्नी का निधन हो गया और फिर वो पत्नी के निधन के बाद उनको अपना ये काम छोड़ना पड़ा। फिर वह जर्मनी गए और वहां से फिल्म बनाने के लिए नई तकनीकों का अध्ययन किया।

### सात साल के बेटे ने निभाई थी रोहिताश्व की भूमिका

अब फिल्म बनाने के लिए पैसे नहीं थे। उन्हें कुछ समझ नहीं आ रहा था कि आखिर क्या किया जाए। फिर उन्होंने अपना बीमा गिरवी रखा और पत्नी सरस्वती बाई के गहने तक बेच दिए। उस दौर में फिल्मों में काम करना बहुत बुरा माना जाता था। इसके अलावा इस फिल्म के निर्माता, निर्देशक, लेखक, कैमरामैन सबकुछ खुद दादा साहेब ही थे। उन्होंने खुद इस फिल्म के हीरो हरिश्चंद्र और रोहिताश्व की भूमिका उनके सात साल के बेटे भालचंद्र फाल्के ने निभाई थी।

### पहली फीचर फिल्म राजा हरिश्चंद्र

कहा जाता है कि उस दौर में फिल्म बनाने के लिए वो घंटों सिनेमा देखते थे, ताकि वो सिनेमा और फिल्ममेकिंग की बारीकियों को सीख सकें। कहा जाता है कि इसका असर उनकी आंखों पर भी पड़ा। उनकी इस पहली फिल्म का बजट 15 हजार बताया जाता है। आखिरकार फिर 3 मई 1913 को मुंबई के कोरोनेशन सिनेमा में भारत की पहली फीचर फिल्म 'राजा हरिश्चंद्र' रिलीज हुई। यह एक मूक फिल्म थी और इसमें मराठी कलाकारों को कास्ट किया गया था।

## खबर संक्षेप

### पेयजल व्यवस्था को लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी

**जशपुरनगर।** जिले में आगामी ग्रीष्म ऋतु के दौरान पेयजल व्यवस्थाओं के सुचारू संचालन एवं संधारण को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कलेक्टर रोहित व्यास के निर्देशानुसार विभिन्न विकासखंडों के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। नागरिक इन नंबरों पर संपर्क कर पेयजल से संबंधित समस्याओं की सूचना देकर निराकरण प्राप्त कर सकते हैं। जारी हेल्पलाइन नंबर अनुसार विकासखंड मनोरा में यूएस. पवार, सहायक अभियंता 6264978279, विकासखंड दुलदुला, कुनकुरी और फरसाबहार में विनोद मिंझा, सहायक अभियंता 9425574354, 8770741918 एवं उपयंत्री उत्पल यादव 9340108565, विकासखंड पत्थलगांव में आरके टंडन, सहायक अभियंता 7566705216 एवं उपयंत्री मनोज कुमार 9691012017 विकासखंड कांसाबेल और बगीचा में विजय मैत्री सहायक अभियंता 8349424200 एवं उपयंत्री किशोर कुमार 8319734718। उसके अलावा ग्रामवासी कार्यालय जनपद पंचायत के पेयजल संधारण पंजीयन में पेयजल की समस्या इंद्राज कर सकते है। साथ ही जिला स्तर पर टोल फ्री नम्बर 9691295243 और राज्य स्तर पर टोल फ्री नम्बर 18002330008 पर भी अपनी समस्या दर्ज करा सकते हैं।

### ग्रामों में जल प्रदाय प्रारंभ करने निर्देश

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास की अध्यक्षता में विगत दिवस 24 फरवरी को जिला जल स्वच्छता मिशन की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर श्री व्यास ने प्रगतिरत योजनाओं की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि हर घर जल केवल 80 हुए हैं इससे बढ़ाने के निर्देश दिए और ग्रामों में जल प्रदाय प्रारंभ करने के लिए स्त्रोत विकसित करने के लिए कहा। कलेक्टर श्री व्यास ने हर घर जल योजना को बढ़ाने के निर्देश दिए और कहा कि जल प्रदाय प्रारंभ योजनाओं में ही भुगतान किया जाए।

### आराधना बनी सिपाही उत्तरकाशी में तैनाती



**पुसौर।** एक गांव की बेटी देश के डिफेंस सेक्टर में जाने के लिए अपने को इतना मजबूत और सक्षम बनाया कि उसमें उसे सफलता मिली। ग्रामीण क्षेत्र में रहकर मिले यह सफलता निसंदेह उस बेटी और उसके परिवार के लिए जहां खुशी के क्षण हैं वहीं क्षेत्र के लोगों के लिये यह प्रेरणादायी है। जानकारी के मुताबिक सरिया सांकरा निवासी राम पातर एवं लता पातर की बेटी आराधना पातर ने इस उपलब्धि को हासिल की जिसका सम्मान समारोह उनके ग्राम सांकरा में बडे भव्यता के साथ आयोजन हुआ। इस उपलब्धि को लेकर आराधना पातर बताते हैं कि इस नियुक्ति के लिए शैक्षणिक योग्यता उतना मायने नहीं रखता जितना की शारीरिक दक्षता एवं संबंधित प्रशिक्षण। प्रशिक्षण के लिए इन्होंने नियुक्ति पाने के बाद देश के तिब्बत बार्डर में प्रशिक्षण संपन्न होने के बाद इनकी तैनाती उत्तरखंड उत्तरकाशी में है।

## प्रधानमंत्री आवास की मजदूरी में बड़ा खेल

# पीएम आवास की मजदूरी दूसरे के खाते में जमा, हटाई गई रोजगार सहायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना जैसी महत्वाकांक्षी और गरीब हितग्राहियों से जुड़ी योजना में मजदूरी राशि के भुगतान में गंभीर गड़बड़ी का मामला सामने आया है। चंद्रपुर से महज 4 किलोमीटर दूर जनपद पंचायत डभरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पलसदा में हड़कंप मच गया है। ज्ञात रहे ग्राम पंचायत पलसदा के हितग्राही सुशीला, कन्हैया, गंगाबाई और छेदीलाल ने लिखित शिकायत करते हुए आरोप लगाया है कि उनके द्वारा प्रधानमंत्री आवास निर्माण में किए गए कार्य की मजदूरी राशि उनके बैंक खातों में जमा करने के बजाय किसी अन्य व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर कर दी गई।

इस गंभीर शिकायत के बाद जनपद पंचायत और जिला पंचायत प्रशासन हरकत में आया और तत्काल कार्रवाई करते हुए ग्राम रोजगार सहायक प्रभावती निषाद से प्रभार वापस लेकर उन्हें जनपद पंचायत कार्यालय में सलंग्न कर दिया गया है। हितग्राहियों का आरोप है कि उन्होंने आवास निर्माण कार्य में श्रम किया, लेकिन जब मजदूरी भुगतान की जानकारी ली तो पता चला कि राशि उनके खाते में आई ही नहीं है। इससे योजना के क्रियान्वयन में गंभीर लापरवाही और संभावित वित्तीय अनियमितता की आशंका गहरा गई है। हितग्राहियों के हक की राशि दूसरे खाते में जाना प्रशासनिक व्यवस्था पर सवाल खड़ा कर रहा है। वहीं मामले की गंभीरता को देखते हुए जनपद पंचायत डभरा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने तत्काल आदेश जारी करते हुए प्रभावती निषाद को कार्यालय अटैच कर दिया है, ताकि जांच प्रभावित न हो और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच हो सके।




ग्राम पंचायत पलसदा।

### दूसरे रोजगार सहायक को प्रभार

ग्राम पंचायत पलसदा के कार्य प्रभावित न हों, इसके लिए ग्राम पंचायत चंदली के रोजगार सहायक चैतन प्रसाद निषाद को अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। वे आगामी आदेश तक पलसदा पंचायत के रोजगार एवं प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े सभी कार्यों का संचालन करेंगे। सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना में मजदूरी राशि सीधे हितग्राहियों के बैंक खातों में डीबीटी के माध्यम से भेजी जाती है, ऐसे में राशि का दूसरे खाते में जाना गंभीर लापरवाही या अनियमितता की ओर संकेत करता है। प्रशासन अब भुगतान से जुड़ी सभी दस्तावेजों और बैंक विवरणों की बारीकी से जांच कर रहा है।



## नर्सिंग कॉलेज के रूप में जुड़ी विकास की एक और कड़ी

हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट प्रस्तुत करते हुए सरिया क्षेत्र में नर्सिंग कॉलेज की सौगात देने से सरिया में आज होली दीपावली जैसे माहौल में कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया। नगर के अटल चौक में शाम 7 बजे आतिशबाजी के साथ मुंह मीठा कर कार्यकर्ता एवं आम नागरिकों ने जश्न मनाया और वित्त मंत्री ओपी चौधरी को धन्यवाद दिया।

छत्तीसगढ़ शासन के बजट 2025–26 में सरिया क्षेत्र को नर्सिंग कॉलेज की महत्वपूर्ण सौगात प्रदान करने हेतु छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी का हृदय से आभार किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि यह नर्सिंग कॉलेज न केवल सरिया बल्कि पूरे आसपास के ग्रामीण अंचल के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक उपलब्धि सिद्ध होगा। इससे क्षेत्र की बेटियों एवं युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा तथा स्थानीय स्तर पर ही रोजगार और प्रशिक्षण के नए अवसर उपलब्ध होंगे। साथ ही, स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सकारात्मक सुधार आएगा।

## प्राथमिक शाला बघिमा में एक्सपर्ट टॉक कार्यक्रम

**जशपुरनगर।** पीएमश्री योजना के अंतर्गत बच्चों के ज्ञान में वृद्धि, प्रेरणा एवं कौशल विकास के उद्देश्य से पीएमश्री प्राथमिक शाला बघिमा में एक्सपर्ट टॉक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर शुरू हुआ।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक विकासखंड शिक्षा अधिकारी टूमनु गोसाई ने कहा कि पीएमश्री विद्यालय बनने से प्राथमिक शाला बघिमा का बहुत विकास हुआ है। विद्यालय के अधोसंरचना विकास के साथ-साथ ही बच्चों के शैक्षणिक स्तर में भी बहुत वृद्धि हुई है, उन्होंने कहा कि यहां के बच्चे नवोदय एवं एकलव्य में चयनित हो रहे हैं एवं बच्चे के सह संज्ञानात्मक क्षेत्र में भी वृद्धि हुई है। उन्होंने कहा कि बच्चों को आज कौशल आधारित शिक्षा देने की जरूरत है जिससे बच्चों में विभिन्न प्रकार के कौशल को सीखने का मौका मिल सके, उन्होंने बच्चों को खूब मेहनत कर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया उन्होंने कहा कि विषय को रटने के अपेक्षा हमें उसे संबंधित दक्षताओं को सीखने पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए जिससे बच्चों का सर्वांगीण विकास हो सकता है।




### स्वस्थ शरीर के साथ चरित्र निर्माण की प्रेरणा

इस अवसर पर आयुष विभाग से डॉक्टर कृपाचार्य यादव के द्वारा बच्चों को स्वस्थ दिनचर्या, योग, आयुर्वेद एवं प्राकृतिक चिकित्सा के संबंध में विभिन्न प्रकार की ज्ञानवर्धक जानकारी दी गई। कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष शांतिलाल यादव ने बच्चों से कहा कि वे घर में नियमित रूप से पढ़ाई करें एवं विद्यालय में जो समझ में नहीं आता है उसे बेझिझक होकर अपने शिक्षक से बातचीत करें एवं जिज्ञासु प्रवृत्ति का छात्र बनें। उन्होंने बच्चों से कहा कि अपने माता पिता एवं गुरुजनों का सम्मान करें।

### नृत्य एवं गायन की प्रस्तुति

बच्चों ने इस दौरान मनमोहक नृत्य एवं प्रेरणादाई गायन का भी प्रस्तुतीकरण किया। इस दौरान अतिथियों के साथ विद्यालय के प्रधान पाठक सुरेश खलखो, शिक्षक रवि गुप्ता, मनोहर टोप्पो, रंजिता सारंगी, आकांक्षा यादव, रूबी प्रियंका खेस एवं सभी बच्चे उपस्थित थे।

## प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना से बुढ़ापा होगा सुरक्षित

**जशपुरनगर।** असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों को वृद्धावस्था में आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से भारत सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा का मजबूत आधार बनकर उभर रही है। श्रम विभाग जशपुर के माध्यम से जिले में इस योजना का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। जिससे उन मेहनतकश श्रमिकों को लाभ मिल रहा है, जो देश के विकास में योगदान देने के बावजूद सेवानिवृत्ति के बाद आर्थिक असुरक्षा का सामना करते हैं।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना एक स्वैच्छिक एवं अंशदायी पेंशन योजना है, जिसमें श्रमिक द्वारा जमा की गई मासिक राशि के बराबर योगदान केंद्र सरकार द्वारा भी किया जाता है। योजना के अंतर्गत श्रमिक को 60 वर्ष की आयु पूर्ण करने के पश्चात न्यूनतम 3000 रुपए प्रतिमाह सुनिश्चित पेंशन प्रदान की जाती है। साथ ही यदि लाभार्थी की मृत्यु हो जाती है, तो उसके जीवनसाथी को पेंशन राशि का 50 प्रतिशत अर्थात 1500 रुपए प्रतिमाह पारिवारिक पेंशन के रूप में प्राप्त करने का अधिकार होता है। योजना का लाभ लेने के लिए यह आवश्यक है कि आवेदक असंगठित क्षेत्र में कार्यरत हो, उसकी आयु 18 से 40 वर्ष के बीच हो तथा उसकी मासिक आय 15 हजार रुपए या उससे कम हो।

अंशदान की राशि आयु अनुसार - योजना में शामिल होने की आयु के आधार पर मासिक योगदान निर्धारित किया गया है। उदाहरण के रूप में यदि कोई श्रमिक 18 वर्ष की आयु में योजना से जुड़ता है, तो उसे 55 रुपए प्रति माह अंशदान करना होता है और केंद्र सरकार द्वारा समान 55 रुपए का योगदान किया जाता है। इसी प्रकार 25 वर्ष की आयु में 80 रुपए, 30 वर्ष की आयु में 105 रुपए, 35 वर्ष की आयु में 150 रुपए तथा 40 वर्ष की आयु में 200 रुपए मासिक अंशदान निर्धारित है, जिसमें प्रत्येक स्थिति में केंद्र सरकार समान राशि का योगदान करती है।

**खास बात**

- 55 से 200 रुपए मासिक अंशदान पर 60 वर्ष बाद 3000 रुपए सुनिश्चित पेंशन, परिवार को भी सुरक्षा

### आसान है नामांकन प्रक्रिया

नामांकन प्रक्रिया को सरल बनाते हुए पात्र श्रमिक अपने निकटतम लोक सेवा केंद्र में आधार कार्ड और बैंक खाते के माध्यम से पंजीयन करा सकते हैं। प्रथम अंशदान राशि जमा करने के पश्चात आगामी किस्तें बैंक खाते से ऑटो-डेबिट के माध्यम से नियमित रूप से जमा होती रहती हैं। योजना का संचालन श्रम एवं रोजगार मंत्रालय भारत सरकार द्वारा किया जा रहा है तथा भारतीय जीवन बीमा निगम पेंशन निधि प्रबंधक के रूप में कार्यरत है।

### किन-किन को मिल सकता है लाभ

यह योजना विशेष रूप से रिक्शा चालक, स्ट्रीट वेंडर, ईंट भट्ठा मजदूर, घरेलू कामगार, कृषि श्रमिक, मनरेगा श्रमिक, निर्माण श्रमिक, मोची, बीड़ी श्रमिक, कूड़ा बीनने वाले, कृषि श्रमिक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, छोटे दुकानदार, सब्जी एवं फल विक्रेता, मछुआरे, पशुपालक, स्वयं सहायता समूह के सदस्य तथा अन्य असंगठित क्षेत्रों में कार्यरत श्रमिकों के लिए लागू है।

### योजना से निकासी के लचीले नियम

योजना में श्रमिकों की परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए निकास प्रावधान भी लचीले बनाए गए हैं। यदि कोई श्रमिक 10 वर्ष से पहले योजना छोड़ देता है, तो उसे ब्याज सहित उसका अंशदान वापस प्राप्त हो जाता है। वहीं स्थायी विकलांगता अथवा मृत्यु की स्थिति में जीवनसाथी के पास योजना को जारी रखने अथवा जमा अंशदान वापस लेने का विकल्प उपलब्ध होता है। योजना से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी अथवा शिकायत के लिए सरकार द्वारा 24×7 टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800-267-6888 उपलब्ध कराया गया है। प्रधानमंत्री श्रम योगी मान-धन योजना असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों के लिए न केवल सामाजिक सुरक्षा का माध्यम बन रही है, बल्कि उनके भविष्य को आर्थिक रूप से सुरक्षित एवं सम्मानजनक बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल सिद्ध हो रही है।

## खिलाड़ियों की आवाज बनीं विधायक खेल सुविधाओं को लेकर किया सवाल

**बिलाईगढ़।** बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र में खेल मैदानों के विकास, स्टेडियम निर्माण और खिलाड़ियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के मुद्दे पर विधायक श्रीमती कविता प्राण लहरे ने विधानसभा में बुधवार को आवाज उठाई। उनके सवालों ने न केवल क्षेत्र की जमीनी हकीकत उजागर की, बल्कि सरकार की खेल संबंधी तैयारियों पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न खड़े कर दिए। विधानसभा में पूछे गए तारांकित प्रश्न के माध्यम से विधायक लहरे ने यह जानना चाहा कि बिलाईगढ़ क्षेत्र में विकासखंड स्तर पर कितने खेल स्टेडियम या मिनी स्टेडियम स्वीकृत हैं और उनमें से कितनों का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ है।



सरकार की ओर से जानकारी निरंक का जवाब सामने आया। यह जवाब अपने आप में इस बात का संकेत है कि क्षेत्र में खेल अधोसंरचना के विकास को लेकर कोई ठोस पहल नहीं की गई है। विधायक लहरे ने बिलाईगढ़ नगर और आसपास के क्षेत्रों में एक सुसज्जित बहुउद्देशीय खेल परिसर के निर्माण की योजना के संबंध में भी प्रश्न किया।

## उज्ज्वला योजना से महिलाओं को मिली धुएं से मुक्ति

**जशपुरनगर।** प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के सुशासन के संकल्प के साथ प्रदेश में जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है। सरकार का लक्ष्य है कि प्रत्येक पात्र परिवार तक योजनाओं का लाभ समय पर पहुंचे और उनके जीवन में वास्तविक परिवर्तन आए।

इसी उद्देश्य से संचालित प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के माध्यम से गरीब एवं जरूरतमंद महिलाओं को निःशुल्क गैस कनेक्शन प्रदान किए जा रहे हैं। इस योजना से महिलाओं को रसोई में धुएं से मुक्ति मिल रही है तथा उनका जीवन अधिक सुरक्षित और सुविधाजनक बन रहा है। जशपुर जिले के विकासखंड बगीचा में हाल ही में आयोजित कार्यक्रम के दौरान पात्र महिलाओं को गैस कनेक्शन वितरित किए गए। इस अवसर पर लाभार्थियों ने सरकार के प्रति आभार व्यक्त किया। विकासखंड बगीचा निवासी श्रीमती क्रांति यादव ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के हाथों गैस सिलेंडर प्राप्त कर प्रसन्नता जताई। उन्होंने कहा कि अब उन्हें पारंपरिक चूल्हे के धुएं से छुटकारा मिलेगा। पहले रसोई में धुएं के कारण आंखों में जलन और सांस लेने में परेशानी होती थी, लेकिन अब गैस कनेक्शन मिलने से वे स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण में आसानी से भोजन बना सकेंगी। इसी प्रकार ग्राम मड़यि निवासी श्रीमती फूलमती नगेसिया ने बताया कि वे अब तक लकड़ी के चूल्हे पर खाना बनाती थीं। धुएं के कारण घर का वातावरण खराब हो जाता था और उन्हें काफी असुविधा होती थी। निःशुल्क गैस कनेक्शन मिलने से अब खाना जल्दी और साफ-सुथरे तरीके से बन सकेगा। उन्होंने कहा कि यह योजना उनके लिए बहुत राहत लेकर आई है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से न केवल महिलाओं के स्वास्थ्य में सुधार हो रहा है, बल्कि समय और श्रम की भी बचत हो रही है। इससे पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिल रहा है। राज्य सरकार द्वारा योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जिले की महिलाओं के जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव दिखाई दे रहा है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हो रही है।



## कायाघाट क्षेत्र में किशोरों को बेच रहे थे नशे का इंजेक्शन, पकड़े गए दो आरोपी

**रायगढ़।** जूटमिल इलाके में दर्द निवारक इंजेक्शन का खतरनाक तरीके से नशे के रूप में उपयोग करन की जानकारी मिली तो पुलिस ने धर-पकड़ शुरु की। जूटमिल टीआई के नेतृत्व में कायाघाट बाबाकुटी के पास की दबिश दी गई। मौके पर पुलिस को देखकर 3-4 नाबालिग बालक भाग खड़े हुए। घेराबंदी कर पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम रवि गुप्ता पिता जानप्रकाश गुप्ता 42, निवासी जूटमिल गेट के सामने थाना बताया। तलाशी के दौरान आरोपी के पास से अखबार में लिपटे 10 नग (एमआरपी 59.68 प्रति एम्पुल) कीमत लगभग 596.80 तथा बिक्री की 200 रुपए नकदी बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने इंजेक्शन प्रति एम्पुल 200 में अवैध तरीके से बेचने की बात स्वीकार की। दूसरी कार्रवाई कायाघाट चौपाटी तिराहा के पास की गई।यहां सुरेश वर्मा पिता मातु वर्मा 27 निवासी कायाघाट मुक्तिधाम को उसके मकान के बाहर से पकड़ा गया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं समक्ष प्राधिकारी (व्यप.) फरसाबहार, जिला- जशपुर, (छ.ग.)**

राजस्व प्रकरण क्रमांक /अ-2/2025-26
ग्राम सिंगीबहार, तहसील फरसाबहार
रमेश कुमार पिता मुनेश्वर, जाति-सोढी निवासी ग्राम-सिंगीबहार, तह. फरसाबहार जिला जशपुर, (छ.ग.).... आवेदक

बनाम

छत्तीसगढ़ शासन ....अनावेदक

-:: उद्घोषणा ::-

एतद् द्वारा ग्राम सिंगीबहार प.ह.न. 03 तहसील फरसाबहार जिला जषपुर (छ.ग.) के आम व खास जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक द्वारा निम्नांकित विवरण की अपनी भूमि आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तित भूमि पर व्यवसायिक प्रयोजन डायवर्सन किये जाने बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है, और सुनवाई हेतु तारीख 11.03.2026 के लिए नियत है :- तहसील फरसाबहार प.ह.न. 03 ग्राम का नाम सिंगीबहार भूमि का विवरण ख.न. 186/31 रकबा 0.120 हे. लगान 0.00 पैसा प्रयोजन व्यवसायिक प्रयोजन हेतु रिमार्क

अतः उक्त आवेदित भूमि का व्यवसायिक प्रयोजन डायवर्सन किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक (अधिवक्ता) के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रकरण में सुनवाई तारीख 11.03.2026 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते हैं, उक्त नियत तिथि के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जाएगा। आज दिनांक 25.02.2026 को जारी किया गया।

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं सक्षम प्राधिकारी (व्यप.) फरसाबहार, जिला- जशपुर, (छ.ग.)**

## कलेक्टर ने किया आत्मानंद स्कूल का निरीक्षण

**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास ने कुनकुरी विकासखंड के सालियाटोली स्थित पीएम श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट इंग्लिश माध्यम स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित विभिन्न व्यवस्थाओं का गहन जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर श्री व्यास ने विद्यालय में पेयजल की पर्याप्त और सुलभ व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि गर्मी का मौसम निकट है, ऐसे में स्कूल परिसर के विभिन्न स्थानों पर पीने के पानी की समुचित व्यवस्था की जाए। वाटर कूलिंग मशीन स्थापित करने के साथ-साथ टेप वाटर की ऊंचाई इस प्रकार निर्धारित की जाए कि हर आयु वर्ग के बच्चे आसानी से पानी पी सकें। इसके साथ ही उन्होंने हैंडवॉश की पर्याप्त व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालय परिसर की नियमित साफ-सफाई पर विशेष जोर देते हुए कहा कि कक्षाओं, कैंपस तथा नालियों की सफाई व्यवस्था दुरुस्त होनी चाहिए। स्वच्छ वातावरण से न केवल स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित होती है, बल्कि विद्यालय में सकारात्मक और प्रेरणादायक माहौल का भी निर्माण होता है। उन्होंने जल संरक्षण की दिशा में आवश्यक कदम उठाने के निर्देश देते हुए ग्राउंड वाटर रिचार्ज के लिए सोकपिट निर्माण तथा वाटर हार्वेस्टिंग प्रणाली विकसित करने को कहा। इसके अतिरिक्त विद्यालय भवन की दीवारों के रंग-रोगन तथा सौंदर्यीकरण के भी निर्देश दिए। कलेक्टर श्री व्यास ने बाउंड्री वॉल पर प्रेरणादायक महापुरुषों, वैज्ञानिकों और भारत रत्न से सम्मानित अन्य महापुरुषों के चित्र अंकित कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे चित्र विद्यार्थियों को प्रेरित करेंगे और उनके व्यक्तित्व विकास में सहायक सिद्ध होंगे। इसके साथ ही कलेक्टर ने विद्यालय परिसर में रखे अनावश्यक सामानों के निस्तारण, पर्याप्त विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित करने तथा कमजोर विद्युत वायरिंग को तत्काल ठीक कराने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना से बचा जा सके। उल्लेखनीय है कि यह विद्यालय में कक्षा पहली से बारहवीं तक संचालित है, जिसमें लगभग 1200 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। इस अवसर पर एसडीएम नंद जी पाण्डे, तहसीलदार श्री प्रमोद कुमार पटेल, जिला मिशन समन्वयक नरेंद्र सिन्हा, स्कूल ने प्राचार्य जय गोपाल सिंह सहित स्कूल के शिक्षक गण और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। कलेक्टर रोहित व्यास ने कहा कि विद्यालय को एक आदर्श मॉडल स्कूल के रूप में विकसित किया जाना हमारा लक्ष्य होना चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालय में सभी मूलभूत एवं शैक्षणिक व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित और प्रभावी होनी चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ अपने उज्ज्वल भविष्य और बेहतर करियर निर्माण के लिए अनुकूल वातावरण प्राप्त हो सके।







